सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 295 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024



A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186


# बेजड़ा घाट में अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी के दौरान उग्र भीड़ ने जिला खनन विभाग और पुलिस के टीम पर किया हमला





▸ **पुलिस ने चार राउंड हवाई फायरिंग की**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : बेनागढ़िया के ग्रामीणों ने अवैध बालू कारोबार एवं उससे हो रहे प्रदूषण के विरोध में रविवार की देर रात तीन अवैध बालू लदे हाइवा को रोक दिया था और इसकी जानकारी धनबाद के उपायुक्त माधवी मिश्रा को भी दी थी. जिसके बाद डीसी के निर्देश पर सोमवार की रात जिला खनन विभाग व पुलिस की टीम छापेमारी करने के लिए बेजड़ा घाट पहुंची. जहां जेसीबी और अवैध बालू लदे दो हाइवा को जब्त किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया.

गिरफ्तार व्यक्ति को निरसा थाना ले जाया या जा रहा था. तभी बालू लोड करवा रहे माफिया वहीं मौजूद एक दर्जन हथियार ले कर उनके गुर्गों के और लोडिंग कार्य करने वाले स्थानीय मजदूरों ने गाड़ियों पर पत्थर बाजी शुरू कर दी. पत्थरबाजी करते हुए बालू माफियाओं ने युवक को हिरासत से छुड़ा लिया. उग्र भीड़ गाड़ियों में तोड़फोड़ करने लगी. इसी दौरान अपनी सुरक्षा में पुलिसकर्मियों ने तीन-चार राउंड हवाई फायरिंग की. तब जाकर लोग वहां से हटे और टीम वहां से निकल सके.

उक्त घटना धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र के बराकर नदी के बेजड़ा घाट पर सोमवार की देर रात को अवैध बालू लोडिंग के खिलाफ जिला खनन विभाग और पुलिस के टीम छापेमारी करने पहुंची. जहां एक युवक को गिरफ्तार कर लिया और कुछ वाहनों को भी जब्त कर लिया गया था, इस दौरान भीड़ में युवक को छुड़ाने के लिए वाहनों पर जमकर पत्थरबाजी की. इसमें एक गाड़ी क्षतिग्रस्त भी हो गई. जवाबी कार्रवाई में पुलिस के द्वारा तीन से चार राउंड हवाई फायरिंग भी की गई.पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन पुलिस प्रशासन कुछ बताने से बच रही है, घटना क़ी सूचना उच्च अधिकारियो को देर रात मे ही दे दी गई थी.

## पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कांग्रेस नेता रणविजय सिंह से की मुलाकात



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय जी ने धैया गोकुल बंग्लो में कांग्रेस नेता सह बी.जे.के.एम.एस के महामंत्री रणविजय सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की और राज्य के महत्वपूर्ण राजनीतिक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च, हर कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए सरयू राय ने ढुल्लू पर खूब कसे तंज

**टाइगर घास खाने लगे ऐसा कभी नहीं हो सकता हैवो मांसाहारी ही रहेगा**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



▸ **भाजपा प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग के एफिडेविट में ढुल्लू महतो पर अभी 19 लंबित मामले और दो में सजा की बात कहि है जबकि उच्च न्यायालय में चार अन्य मामलों सहित कई संगीन धाराएं भी है जिसमे 5 से 10 वर्ष तक भी सजा हो सकती है - सरयू राय**

धनबाद : जमशेदपुर के पूर्वी बिधायक व पूर्व मंत्री सरयू राय ने सोमवार को धनबाद के सरायढेला में प्रेस वार्ता के दौरान एक बार फिर से भाजपा पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग को दिए गए एफिडेविट में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में सजा की बात बताई है जबकि वर्ष 2022 के तात्कालिक धनबाद एसएसपी संजीव सिंह ने झारखंड उच्च न्यायालय में दिए गए रिपोर्ट के अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा भी हुई है तथा उनके लंबित मामले में कई संगीन धाराएं भी है जिसमे उन्हें 5 से 10 वर्ष तक भी सजा हो सकती है ।फिर

उन्होंने कहा कि टाइगर घास खाने लगे ऐसा कभी नहीं हो सकता है...वो मांसाहारी ही रहेगा..सरयू राय ने बाबूलाल मरांडी पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि क्या बाबूलाल जी BCCL एरिया 01से 05 में गारंटी लेंगे अब से वहां किसी तरह की रंगदारी नहीं होगी..कहि ऐसा तो नही की धनबाद के बुद्धिजीवियों को बैठक कर ठगा जा रहा है... टाइगर समय के साथ भले चुप है लेकिन उसका स्वभाव में परिवर्तन कभी नहीं आएगा...

# जदयू ने धनबाद लोस के बीजेपी प्रत्याशी को समर्थन देने का किया घोषणा..

## धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लु महतो के जीत को पक्का करना ही मकसद - सुशील सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर



- जनता दल यू0 के बैठक मे लगा नारा अबकी बार 400 पार
- तन-मन-धन से धनबाद लोक सभा से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो को विजयी बनाने का आह्वान - पिंटू सिंह
- एनडीए के सभी घटक दल यथा भाजपा, आजसु, जदयू एवं लोजपा की सामुहिक बैठके आयोजित की जाएगी ताकि भाजपा प्रत्याशी की जीत में कोई कसर न रह जाय- राम स्वरुप यादव

धनबाद : झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने आज सरायढेला स्थित रिट्स में प्रेस वार्ता कर धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को अपना समर्थन देने की घोषणा किया है...,

झारखण्ड प्रदेश जनता दल यू० के महासचिव व राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुशील कुमार सिंह ने पिछडा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, धनबाद जिला अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह व प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर धनबाद जिला के पार्टी पदाधिकारियों एवं जिले में रहने वाले प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों तथा प्रमुख साथियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि गठबंधन धर्म का निर्वाह करते हुए धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु जदयू पुरी मजबुती से काम करेगी। जदयू के साथियों को तन-मन-धन से धनबाद लोक सभा से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए प्रमुख नेताओं ने कहा कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि इस सन्दर्भ में उनकी पिछले 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास पटना में नीतीश कुमार जी से विस्तृत चर्चा हुई।

पुनः पिछले 10 अप्रैल को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद श्री खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी से मिला जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पिन्टू सिह, रामस्वरूप यादव, राजू कुमार सिंह व धनलाल दूबे आदि थे। झारखण्ड में जदयू के नीति निर्धारण की रूपरेखा तैयार की गई। इस सिलसिले में आगे भी एनडीए के सभी घटक दल यथा भाजपा, आजसु, जदयू एवं लोजपा की सामुहिक बैठके आयोजित की जाएगी ताकि भाजपा प्रत्याशी की जीत में कोई कसर न रह जाय। सुशील सिंह ने आगे कहा कि चूंकि भाजपा ने पहली बार धनबाद लोक सभा सीट से गरीबो के सही प्रतिनिधि को अवसर दिया है।

इसलिए इस अवसर को किसी भी हालत में हाथ से निकलने नहीं देना है और जदयू भाजपा के साथ ताल-मेल बैठाते हुए इस लड़ाई को लड़ेगी और अंजाम तक पहुँचाएगी। सुशील सिंह ने धनबाद लोक सभा क्षेत्र में जदयू के सभी सहयोगी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना मत भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में करें। आज की बैठक में मुख्य रूप से के०बी० सहाय, हाजी हसीब खान, तनवीर हसन, रंगनायिका बोस, विजय जायसवाल, उचित महतो. युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, विजय सिंह कुशवाहा, रीता रानी मंडल, सकलदेव राय, बबलु मोदक, आदित्य पासवान, अशोक सिंह, नमन भारती, साधु पासवान, झप्पु सिन्हा, शिवचरण महतो, डॉ० राजेश राम, बैजु सिन्हा, शंकर सिंह, मुन्ना सिन्हा, अनिल सिन्हा, स्मृति कान्त सिंह, शिशिर दा, राजकुमार पाण्डेय, अनुज कुमार, बैजनाथ भगत आदि उपस्थित थे।

# खेल शिक्षकों की दूसरी और अंतिम बैठक संपन्न




- अंतर विद्यालय वालीबॉल लीग चैंपियनशिप 6 May से

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला वालीबाल संघ के तत्वाधान में सत्र 2023-24 में आयोजित होने वाली 24 व अंतर विद्यालय स्वर्गीय पी एन कपूर अंडर-19 बालक ट्रॉफी एवं शिवरानी कपूर अंडर-19 बालिका ट्रॉफी तथा 14 वर्ष बालक वालीबॉल लीग चैंपियनशिप संबंधित आयोजन हेतु आज अपराह्न 12:00 बजे धनबाद जिला वालीबाल संघ के महासचिव सूरज प्रकाश लाल की अध्यक्षता में स्कूल के खेल शिक्षकों के साथ बैठक की गई बैठक में सर्वसम्मति से खेल शिक्षकों के द्वारा निर्णय लिया गया कि अंतर विद्यालय वालीबॉल लीग चैंपियनशिप 6 may 11 may तक वॉलीबॉल स्टेडियम में आयोजित होगी साथ ही साथ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खेल का आयोजन सुबह 6:30 बजे से सुबह 10:30 तक होगी बैठक में खेल शिक्षकों की आगरा पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल अपराह्न 12:00 बजे तक किया गया है बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विजेता एवं उपविजेता सहित सभी भाग लेने वाले स्कूल वॉलीबॉल टीम को पार्टिसिपेशन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा सभी खेल शिक्षकों को महासचिव के द्वारा दिशा निर्देश दिया गया है कि टूर्नामेंट में अपने स्कूल के बच्चे ही भाग ले स्कूल टूर्नामेंट में बाहर के बच्चे को ना खिलाए पकड़े जाने पर टूर्नामेंट से निष्कासित किए जाएंगे यह निर्णय बैठक में लिया गया विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ-साथ नगद राशि भी दी जाएगी बैठक संपन्न के बाद एसके शाह दव अलकुशा के खेल शिक्षक ने धन्यवाद ज्ञापन किया

बैठक में मुख्य रूप से महासचिव सूरज प्रकाश लाल, खेल शिक्षकों में दीपांकर बरारी कौशल कुमार सिंह गणेश यादव एसके शाह कुसुम कुमारी साहू अलीशा कुमारी दीपक कुमार महतो राजीव श्रीवास्तव शुभम कुमार प्रियंका कुमारी राहुल तिवारी संतोष कुमार असीम प्रियदर्शी विजय कुमार उपस्थित थे।



# भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन मिलानो रिसोर्ट में संपन्न

## व्यवसाईयों ने क़ी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से खुल कर क़ी बात..

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनवाद : भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन बड़वाअड्डा मेमको मोड़ स्थित मिलानो रिसोर्ट मे हुई संपन्न,धनबाद चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के व्यवसाईयों ने क़ी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से खुल कर क़ी बात, अपनी पूरी शिकायत सुरक्षा से लेकर हवाई अड्डा तक क़ी मांग रख दी,




बाबूलाल मरांडी ने कहा क़ी धनबाद समेत पूरे राज्य में विधि- व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है. जबतक इसमें सुधार नाहीं होगा, धनबाद में व्यवसायी सुरक्षित नहीं हैं. नये उद्योग लगाने के लिए वो आगे नहीं आयेंगे. केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही अपराधी राज्य छोड़ देंगे और बाहर बैठे अपराधी जेल में होंगे,

श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है. पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है. भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा रहा. प्रधानमंत्री ने असंभव काम को भी संभव करके दिखाया है. उन्होंने प्रबुद्ध सम्मेलन में लोगों द्वारा उठाये गये धनबाद एयरपोर्ट, बड़े अस्पताल, फ्लाईओवर, बड़े शिक्षण संस्थान और अन्य समस्याओं पर कहा कि इनका निदान होगा. उन्होंने प्रबुद्धजनों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने व भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की.

विधायक राज सिन्हा ने प्रबुद्धजनों से केंद्र में मोदी व राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील की. विधायक सह लोकसभा में भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लु महतो ने कहा क़ी समर्थकों को चुनौती दे रहे हैं, चुनौती को स्वीकार करें और भाजपा को विजयी बनायें. सम्मेलन में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, बोकारो विधायक बिरंची नारायण आदि ने भी अपने विचार रखे और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की. व्यवसायियों ने की धनबाद में एयरपोर्ट बनाने की मांग

सम्मेलन के दौरान जिला चेंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, विकास कंधवे, बिनोद गुप्ता समेत कई गणमान्य लोगों ने धनबाद में एयरपोर्ट, बड़ा अस्पताल बनाने की मांग की. कहा कि सांसद, विधायक व मेयर भाजपा का, फिर भी आजतक धनबाद में एयरपोर्ट नहीं बनना समझ से परे है. मौके पर विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, रागिनी सिंह, सतेंद्र सिंह, रमेश त्रिवेदी, धनश्याम ग्रोवर, अवण राय आदि मौजूद थे. संचालन संजय झा व संजीव मोइत्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नंदू अग्रवाल ने किया.

# उप विकास आयुक्त ने किया प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन के आलोक में मतदान पदाधिकारियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज भी जारी रहा। आज प्रथम मतदान पदाधिकारियों को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज का दौरा किया एवं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मॉक पोल करना महत्वपूर्ण है। इसे अच्छे से सभी सीख लें। मॉक पोल डाटा को डिलीट करना ना भूलें। वहीं एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने एक प्रशिक्षणार्थी को बुलाकर उनसे मॉक पोल करने का प्रशिक्षण दिलाया।

# 45 फलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण झरिया जयरामपुर मे किया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से सोमवार को जयरामपुर मैं 45 फलेरिया मरीजों को एम एम डी पी किट का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन एस डी सी के सुनिल साव, एम पी डब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भट्ट उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि कट के माध्यम से मरीज को बताया गया कि इसका



उपयोग कैसे करें किट में प्लास्टिक का टव, सावुन , तौलिया, मग, सेवलोन,मलहम, गल्पस के अलावा कई सामग्री थे मरीज को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें नियमित उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर ले सहिया दिदि घर-घर जाकर जो जानकारी देती है और जो दवा देती है इसका नियमित सेवन करें। सही तरीके से देखभाल करें ताकि रोग बड़े नहीं मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है मच्छर काटने से बीमारी पनपति है अपने घर के आसपास साफ सुथरा रखें किसी भी प्रकार का दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से जरूर सलाह ले। जानकारी ही बचाव है हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी सुलेखा देवी रानी देवी शांति प्रिया संजू पूनम देवी सरिता देवी रेखा साहनी पुष्प लता देवी मनोरमा गुप्ता आदि थी।



# सेवा और समर्पण संस्था सदस्यों ने बरमसिया लेप्रोसी अस्पताल आश्रम मे किया सहयोग





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : सेवा और समर्पण संस्था के सदस्य ललित भाई जी के स्व० पिताजी गौरी शंकर जी क़ी पुण्यतिथि अवसर पर संस्था सदस्यों ने तेज गर्मी से परेशान लोगों क़ी तलाश कर लेप्रोसी अस्पताल पहुंचा जहाँ मरीज भीख मांग कर गुजर बसर करते है, और इस तेज धुप मे लेप्रोसी मरीज जो लाचार बेबस है उसे ही दर्जनों सदस्यों ने बरमसिया पूल पास लेप्रोसी अस्पताल आश्रम मे जा कर कच्चा अनाज पैकेट वितरण किया, जिस पैकेट मे चावल, दाल आलू मशाला नमक आदि उपलब्ध था, तेज धुप में कुछ सहयोग किया गया ताकि दो चार दिन ही सही घर अस्पताल ने निकलना ना पड़े, और भोजन सभी को हो जाय, इसी सोच को ले कर बरमसिया लेप्रोसी हॉस्पिटल मे वितरण कार्यक्रम किया गया. उक्त कार्यक्रम मे अध्यक्ष काजल झा मित्रा, सचिव मनीषा सिंह, रुमा जी , सोनी वर्मा, मीता जी , मिताली जी ,सपोर्ना जी ,अनिशा दास , विमल जी , राजीव जी, संजीव सिंह आदि उपस्थित थें....

# धनबाद के साइबर अपराधियों ने आईएएस अधिकारी को ठगा...

- दिल्ली पुलिस पहुंची धनबाद
- निरसा, पुटकी, महुदा , बोकारो के साइबर अपराधी गैंग की तलाश मे जुटी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद, निरसा, पुटकी, महुदा , बोकारो के साइबर अपराधी गैंग की समानांतर व्यवस्था चल रही है. यह गैंग कहीं भी बैठकर कहीं से भी साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे है. दिल्ली पुलिस लगातार कई दिनों से धनबाद की खाक छान रही है. कुछ लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. दिल्ली पुलिस सरगना की तलाश कर रही है. सरगना निरसा का रहने वाला बताया जाता है. दिल्ली के एक आईएएस अधिकारी से साइबर ठगी की गई है और इसी मामले में दिल्ली साइबर पुलिस की टीम धनबाद की खाक छान रही है. लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. दिल्ली के एक आईएएस अधिकारी से इन्ही अपराधियों के गिरोह ने उनके एक्सिस बैंक के खाते का केवाईसी अपडेट करने के नाम पर लगभग एक लाख नब्बे हज़ार रुपए की ठगी कर ली है.

### दिल्ली साइबर शाखा में अंकित है कांड

इस संबंध में दिल्ली साइबर शाखा में कांड अंकित कराया गया है. जांच में पता चला है कि इस घटना में धनबाद, निरसा , पुटकी, महुदा , बोकारो के कुल 8 साइबर अपराधियों का एक गैंग है ,जो घटना को अंजाम दिए है. अपराधियों ने अपने सहयोगियों के बैंक खाते में रकम ट्रांसफर कराया है. इस गैंग में फिरोजाबाद में भी साइबर ठगी की है. फिरोजाबाद की पुलिस टीम भी जल्द ही धनबाद पहुंच सकती है. धनबाद में साइबर अपराधियों का गैंग अपनी समानांतर व्यवस्था चला रहा है. देश की कोई कोई भी ऐसी पुलिस नहीं है, जो साइबर अपराधियों की खोज में धनबाद नहीं पहुंची हो. छापेमारी करती है, लोगों को पकड़ कर लेकर जाती है.

### रोज ठगने का अपनाते है नया हथकंडा

पुलिस लगातार कोशिश कर रही है लेकिन साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग रहा है. यह साइबर अपराधी इतने चतुर है कि ठगी करने का हमेशा कुछ ना कुछ नया हथकंडा अपना लेते है. कभी किसी को कुछ बता कर तो कभी किसी को कुछ कह कर झांसे में लेते हैं और फिर अकाउंट खाली कर देते है. वैसे झारखंड में सबसे अधिक साइबर अपराधी देवघर जिले में सक्रिय है. हालांकि जामताड़ा और गिरिडीह में भी साइबर अपराधियों की संख्या कम नहीं है. जामताड़ा तो साइबर अपराधियों की जननी ही है. यहां से निकले साइबर अपराधी देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गए हैं और साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे है. कभी अपने शहर से दूर कहीं भाड़े के घर में जगह लेकर ठगी करते हैं तो कभी एकांत जंगल में बैठकर ठगी का काम करते है.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद में चिन्हित कमरों का किया निरीक्षण



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए धनबाद एवं झरिया विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो
पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट-गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
( Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th 10th
11th 12th
B.Sc. M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th,12th & B.A.
आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert) 7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert) 9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859

# कतरास में झमाडा ने शुरू की जलापूर्ति पाइपलाइन के मरम्मत कार्य

## जगह-जगह गड्ढा खोदकर लीकेज को किया ठीक,अब गंदे और बदबूदार पानी से मिलेगी राहत

**14 इंच के पाइप लाइन को आगे बढ़ाने से मिल सकती है राहत**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : कतरास शहर में झमाडा की और से की जा रही जलापूर्ति व्यवस्था में 9 इंची की पाइप लाइन से उपभोक्ताओं को पहले नाली का गंदा और बदबूदार पानी मिल रहा था. इस बात को मीडिया में प्रमुखता से उठाने के पश्चात झमाडा ने इस पर काफी गंभीरता दिखाते हुए युद्ध स्तर पर पाइपलाइन का मरम्मति का कार्य चल रहा हैं. झमाडा के एसडीओ कौशलेश यादव के निर्देश पर माडा कर्मी पाइप की मरम्मति कार्य में लग गए. कर्मियों ने नदीकिनारे रामधनी चाट दुकान के पास गड्ढा खोदा जहाँ उन्हें 3 लिकेज मिला उसके बाद रानीसती मंदिर के समीप 8 लिकेज मिला जिसे बंद किया गया. इन्हीं लीकेज पाइप के कारण नाली का गंदा पानी पाइप लाइन में घुस जाता था. इसके अलावे 24 इंची के पाइप लाइन में भी 2 जगहों पर लीकेज मिला जिसे बंद किया गया. इस कार्य में मिस्त्री अहमद हुसैन के अलावे 4 कर्मी लगे हुए हैं.



### नालियों में गंदगी के कारण पाइपलाइन के कार्य में हो रही थी परेशानी

रानी सती दादी मंदिर के समीप नालियों की सफाई नहीं किए जाने के कारण झमाडा कर्मियों को कार्य करने में काफी परेशानी हो रही थी नाली का गंदा पानी सीधे पाइपलाइन के पास आ जा रहा था जिसे हटाने में काफी दिक्कत हो रही थी. इसके बाद कर्मियों ने आगे काम करना छोड़ दिया. उन्होंने बताया कि जब तक नाली साफ नहीं हो जाती तब तक पाइपलाइन का मरम्मती कार्य नहीं हो पाएगा.

### तोपचांची झील ही कतरास वासियो की बुझाता है प्यास.

कतरास वासियो का प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा तोपचांची झील हैं जो 106 साल से यहाँ के लोगों की प्यास बुझा रही है. इस व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए अब तक न तो जनप्रतिनिधि और न ही नगर निगम व झमाडा ने इस पर पहल किया है. आज यदि तोपचांची झील का पानी सूख जाता है तो पूरे कतरास के लोग प्यासे रहेंगे. उनके पास कोई ऑप्शन नहीं है. आज 106 साल इस व्यवस्था को बीतने को है लेकिन अभी तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो पाई.

### पाइप पुरानी होने के कारण हो रही है परेशानी.

बताते चले की 9 इंची की पाइप काफी पुराना है. सप्लाई पाइप कहीं गंदगी से जाम नालियों के ऊपर तो कही नालियों के भीतर से पाइपलाइन गुजरी है. जिसके कारण जलापूर्ति शुरू होते 10 से 15 मिनट गंदा पानी नलों से निकलता है.करीब ढाई सौ घर के लोग इस संकट को झेल रहे हैं. थे जिसमें कपड़ा पट्टी, गद्दी मुहल्ला, गड़ीवान पट्टी, प्रदर्शनी पथ, मेन रोड, स्टेशन रोड बंगाली पाडा के उपभोक्ता शामिल है. लोगों ने बताया कि काफी पुरानी पाइपलाइन होने की वजह से पाइप कई जगह पर जर्जर हो गए उसमें नालियों का गंदा पानी प्रवेश कर रहा है इसलिए शुरुआत में गंदा पानी मिलता है. प्रेशर कम होने की वजह से लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा. इसलिए पानी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है. जब से गंदा पानी पाइप लाइन में आने लगा तब से पानी खरीद कर पिया जा रहा है. लोगों का कहना था जब तक पुरानी पाइप को बदली नहीं की जायेगी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होगा. 14 इंच का पाइपलाइन नदी किनारे पुल तक आया हुआ है उस पाइपलाइन को आगे बढ़ा दिया जाए तो आगे की समस्या भी खत्म हो सकती है.

---

## साम्यवादी क्रांतिकारी लेनिन की 154 वीं जयंती पर माकपा सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी ने विचार गोष्ठी का किया आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी :साम्यवादी क्रांतिकारी लेनिन की 154 वीं जयंती पर माकपा की सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए माकपा के वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता ने कहा कि लेनिन रूसी क्रांति के नायक थे पूरे विश्व में प्रथम समाजवादी क्रांति लेनिन के नेतृत्व में हीं हुआ था। लेनिन मजदूर किसान वर्ग की एकता के पक्षधर थे, उन्हीं की प्रेरणा लेकर माकपा के पार्टी कार्यक्रम के पैरा 7.6 में शामिल किया गया है, जिसमें कहा गया है कि मजदूर वर्ग और किसानों का मजबूत गठबंधन जनता के जनवादी मोर्चे की रीढ़ और उसका आधार है, यह गठबंधन राष्ट्रीय स्वतंत्रता की रक्षा करने दूरगामी जनतांत्रिक रूपांतरण हासिल करने और चौतरफा सामाजिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है।



विचार गोष्ठी की अध्यक्षता राज नारायण तिवारी ने किया, संचालन लोकल कमिटि के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने किया। विचार गोष्ठी को सूर्य कुमार सिंह, गौतम प्रसाद, हेमंत कुमार जायसवाल, रानी मिश्रा, मिठू दास, सुबल चंद्र दास, सविता देवी, राम लायक राम, अनिल शर्मा, शिबू राय आदि ने संबोधित किया।

## जलापूर्ति की मांग को लेकर बीडीओ से मिली उप प्रमुख आशा देवी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : बढ़ती हुई गर्मी और सूखते जलश्रोतो से क्षेत्र में जलसंकट गहराता जा रहा है। अरसे से निर्माणाधीन नल जल योजना भी दम तोड़ती नजर आ रही है। इसी की लेकर प्रखण्ड उप प्रमुख आशा देवी आज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से नल जल योजना से जलापूर्ति, खराब पड़े जल मीनारों और चापाकलों की मरम्मत आदि समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से वार्ता की। इस संबंध में बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि जलापूर्ति योजना पर लगातार नजर रखें है। पेयजल की समस्या न हो इसको लेकर कोषांग भी बनाया गया है। खराब जल मीनारों की सूची मंगा ली गई है, पंचायतों को मरम्मती करने बोला गया है। उप प्रमुख आशा देवी ने बलियापुर पूर्वी पंचायत की समस्या को रखते हुए कही कि बलियापुर नीचे टोला, बोरमुड़ी, बाघजोबरा, सिंगियाटांड़, डांगापाड़ा कालोनी, और डांगापाड़ा रोड साइड के मकानों में पानी सप्लाई और कनेशन देने की मांग की। जिससे की लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इसके साथ ही बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह और छाताटांड पंचायत के पाथरडीह टोला में भी जलापूर्ति की मांग की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।




---

# बीएलओ एवं पर्यवेक्षक तथा निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी वह कर्मियों के साथ पूर्वी टुंडी बीडीओ ने क़ी बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी: पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ अमृता सिंह की अध्यक्षता में बीएलओ एवं पर्यवेक्षक तथा निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी वह कर्मियों के साथ बैठक की गई। जिस पर निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई। लोकसभा आम चुनाव 2024 मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रो पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सभी बीएलओ को एक हजार रुपए उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कतार के 200 मीटर की परिधि को चुना से मार्किंग की व्यवस्था, मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोईया के सहयोग से मतदान हेतु कतार में लगे मतदाताओं को डिस्पोजल गिलास में पानी तथा आवश्यकता अनुसार नींबू पानी पिलाने की व्यवस्था इसके लिए रसोइया को 100 रुपए का मानदेय दिया जाएगा । शौचालय की नियमित अंतराल पर साफ सफाई एवं सैनेटरी आइटम की व्यवस्था, मतदान केंद्र पर तैनात किए गए वॉलिंटियर्स के लिए भोजन की व्यवस्था एवं स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियो का उपयोग करके मतदान केंद्र की सजावट की व्यवस्था करने का निर्देश सभी बीएलओ को दिया गया।राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित कुल नौ मतदान केंद्र के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक रैली,पेटिंग, मेहंदी रात्रि चौपाल इत्यादि कार्यक्रम कराने का निर्देश दिया गया। सभी बीएलओ को पोस्टर, मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका, एवं मतदाताओं के लिए EVM मार्गदर्शीका उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिया गया कि प्रत्येक मतदाता के पास जाकर पोस्टर, मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाताओं के लिए EVM मार्गदर्शिका पढ़कर या समझाते हुए बांटने का निर्देश दिया गया है।





मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# निरसा में बीजेपी प्रत्याशी दुलू के समर्थन में बाबूलाल ने की जनसभा

## कइयों ने बीजेपी का थामा दामन

पोलिट लाइव रिपोर्टर




निरसा : भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में सोमवार को पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी निरसा ने यज्ञ मैदान में जनसभा का आयोजन किया. इस दौरान निरसा विधानसभा के 20 मुखिया,2 प्रखण्ड प्रमुख,01 जिला परिषद सदस्य,निरसा चिरकुंडा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मन्नू तिवारी सहित दर्जनों ने भाजपा का दामन थामा.सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को जमकर कोसा और कहा कि जब से हेमंत सोरेन सत्ता में आए हैं राज्य में कोयला बालू एवं पत्थर की लूट मचा दी है. अपने परिवार के नाम से बेनामी संपत्ति झारखंड के सभी जिलों में स्थापित की. ईडी सारे बिंदुओं पर संज्ञान ली.जिसके कारण आज हेमंत सोरेन कोटवार जेल में बंद है और कहते हैं की आदिवासी को बेटा को जेल भेजा गया है. लेकिन सच्चाई यह है की हेमंत सोरेन आदिवासी रहते हुए आदिवासियों का जमीन हड़पा है. आदिवासियों का अधिकार हड़पा है.

## झारखंड प्रजापति कुमार महासंघ ने पूर्वी टुंडी के मैट्रिक टॉपर बच्चों को किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक परीक्षा के प्रखंड टॉपर सोहनाद गांव के कृष्णा कुंभकार, प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मोहित कुमार एवं छात्राओ में सुनीता कुमारी ,पूनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य छात्राओं झारखंड प्रजापति कुमार महासंघ की ओर से बुके,फुलमाला,आदि देकर सम्मानित किया गया। कुम्हार महासंघ के जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार, तथा श्रीराम बल्लभ कुंभकार, प्रजापति संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार,प्रकाश कुमार, संतलाल बाबा,महादेव कुंभकार,सहित छात्र-छात्राओं के माता-पिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक राजगंज शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : भारतीय स्टेट बैंक राजगंज शाखा के द्वारा सोमवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। लाभार्थी फेनु देवी के पति के देहांत पीलिया बीमारी से हो गया था फेनु देवी के पति स्वर्गीय बंशीधर महतो के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक राजगंज में दो लाख का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना करवाया गया था। जिसका सालाना प्रीमियम मात्र चार सौ छत्तीस रुपये ही था। फेनु देवी को चेक मुख्य प्रबंधक आर बी ओ धनबाद ग्रामीण के सुधीर कुमार के द्वारा सोपा गया है।

इस मौके पर शाखा प्रबंधक चंदन कुमार सिंह, फील्ड ऑफिसर संजय कुमार, सेवा प्रबंधन रोहन कुमार बरनवाल, महादेव सिंह, संतोष कुमार दास, शिवम राय आदि थे।

## बाघमारा के समाजसेवियों, बुध्दीजीवियों व व्यवसाइयों ने दुल्लू के पक्ष में अपना समर्थन देने और प्रचार करने की बात कही

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : बाघमारा के समाजसेवियों, बुध्दीजीवियों व व्यवसाइयों ने ढुल्लू के पक्ष में अपना समर्थन देते हुए सोमवार को कतरास हटिया के राजस्थानी समाज भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा कि धनबाद लोकसभा 24 के प्रत्याशी सह विधायक ढुल्लू महतो अपने पन्द्रह वर्षो के कार्यकाल में किसी भी समाजसेवियों, बुध्दीजीवियों व व्यवसाइयों का शोषण नही किया है। वे हमेशा हर समय इन वर्गो का सहयोग करने का काम किया है। कुछ लोग उन्हें बदनाम करने का काम कर रहे है। रहा बात विधायक ढुल्लू पर इतने केस का, तो हम सब का कहना है कि जो भी उनके उपर केस हुए है, वह अधिकांश केस जनहित में है, और कुछ राजनीति षड्यंत्र के कारण हुआ है। तो कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ के उद्देश्य से किया है विधायक ढुल्लू जनहित में हमेशा काम किए है। उपस्थित लोगों ने कहा क्षेत्र के जनता धनबाद प्रत्याशी ढुल्लू महतो व गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी को अपना नैतिक समर्थन देने का काम करेंगे। साथ ही हम धनबाद प्रत्याशी सह विधायक ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार कर समर्थन करने का अपील करेंगे। ढुल्लू महतो के सांसद बनने पर धनबाद का चहुंमुखी विकास व भयमुक्त व्यावसायिक वातावरण होगा तथा बव्यसायिक और शैक्षणिक बिस्तार होगा जिससे हम सभी का विकास होगा।

वार्ता में मुख्य रूप से धनञ्जय नन्दन,अभिमन्यु सिंह, हरीश ताम्बी, महेश अग्रवाल, उदय वर्मा, शंकर वर्णवाल, समीर जयसवाल, रमेश विश्वकर्मा, प्रदीप गुप्ता, विष्णु चौरसिया, प्रहलाद चौरसिया, कृष्ण कन्हैया राय, संजय साव, मोइन प्रसाद लाल,भोला शर्मा, गौतम गोस्वामी दीपक चौरसिया, सरोज विश्वकर्मा, पिंटू दे समेत तीनों वर्ग के लोग थे।

## मैट्रिक प्रखंड टॉपर आकाश प्रमाणिक को सम्मानित किया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : बलियापुर प्रखंड के पलानी गांव के छात्र आकाश प्रमाणिक ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में पूरे प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आकाश ने प्रारंभिक शिक्षा सन पब्लिक स्कूल पलानी तथा दशम बाघमारा उच्च विद्यालय से किया है। आकाश के इस उपलब्धि पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने आज उनके आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से किया गया कार्य हमेशा सफल होती है तथा शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने और परिवार के सपनों को पूरा कर सकते हैं। साथ ही उन्होनें छात्र आकाश बधाई, शुभकामना तथा आशीर्वाद दिया। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया शांति देवी, पंसस लक्ष्मी नारायण महतो, पंसस दिवाकर महतो, पंसस निर्मला देवी, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, धीरेन प्रमाणिक, आरती देवी, दिलीप कुमार महतो, विश्वजीत महतो, धर्मदेव तुरी आदि मौजूद थे।

## एगारकुंड बीडीओ ने एसएचएमएस इंटर महाविद्यालय में स्थापित तीन बूथों का निरीक्षण




पोलिट लाइव रिपोर्टर

कुमारधुबी: एगारकुंड प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने एस एच एम एस इंटर महाविद्यालय में स्थापित तीन बूथों का निरीक्षण सोमवार को किया। उन्होंने वोटर्स तथा मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए कमरों,पानी, बिजली ,पंखा ,शौचालय तथा रैंप तथा सफाई आदि की व्यवस्था का जायजा लिया।

महाविद्यालय में मौजूद प्रो दीपक सिंह ने उन्हें चुनाव से संबंधित सारी व्यवस्थाओं से अवगत कराया। बीडीओ के साथ प्रखंड कर्मी रेणु मौजूद थी।

## गिरिडीह लोकसभा एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के जीत को पक्का करने भाजपा राजगंज मंडल ने दलुडीह में क़ी बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



राजगंज : भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल स्तरीय लोकसभा चुनाव निमित्त महत्वपूर्ण बैठक दलुडीह बिटिया मैरिज हॉल में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, संचालन सुदाम चंद्र अड्डी व धन्यवाद ज्ञापन गौतम कुमार साव ने किया।बैठक के पूर्व महापुरुषों के तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए श्रध्दा सुमन अर्पित किया एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम क़ी शुभारंभ किया गया।इस दौरान एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र के साथ मोदी जी के इस संदेश को घर-घर पहुंचने के लिए सभी कार्यकर्ता को लगना पड़ेगा।कहा कि सभी कार्यकर्ता अपना बूथ सबसे मजबूत करने के लिए अपने अपने बूथों में मेहनत करना है।ओर फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह लोकसभा के प्रभारी एवं चतरा के सांसद सुनील सिंह, टुंडी विधानसभा के प्रभारी विनय सिंह, टुंडी विधानसभा के संयोजक ज्ञानरंजन सिन्हा, टुंडी विधानसभा के सहसंयोजक राम प्रसाद महतो,विक्रम पांडेय, रमेश महतो, गुड्डू घोष,प्रमोद कुमार, फिरोज दत्ता, नीलकंठ रवानी, आर.के.चौधरी, जसवंत सिंह, प्रदीप वर्मा, सूरज सोनी, अजय माहुरी,मंजीत तिवारी, सुरेश किस्कु, प्रवीण चौधरी, नंदू मोदक, विक्रम ठाकुर, गणेश रवानी, रीता देवी, मीणा देवी आदि मौजूद थे।

# कतरास तेतुलमारी में स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, बाल-बाल बचे विद्यार्थी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तेतुलमारी : उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगरीकला में सोमवार को कक्षा दो की छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर गिर गया. इस घटना में कक्षा में पढ़ रहे बच्चे बाल बाल बच गए. कुछ समय के लिए कमरे में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया.

प्रचार्य सबिता कुमारी ने बताया कि भवन की मरम्मत को लेकर कई बार विभाग को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. भवन कई साल पुराना है, जिससे छत व दीवारें जर्जर हो गई हैं. हमेशा अनहोनी का अंदेशा बना रहता है. बच्चों की पढ़ाई का नुकसान नहीं हो, जिसके लिए पुराने भवन की एक कक्षा को साफ-सफाई कर उसी में कक्षा को शिफ्ट कर दिया गया है.

## बीआईटी सिंदरी के विधुत विभाग में एक दिवसीय आनलाइन सेमिनार का हुआ आयोजन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: बीआईटी सिंदरी के विधुत विभाग में सोमवार को एक दिवसीय आनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया ।

इस सेमिनार का मुख्य विषय था सरकार के साथ काम करने का कैसे और क्यों,जिसपर उपस्थित लोगों ने विस्तार पुर्वक चर्चा की गई।

सेमिनार को संबोधित करते अमेरिका के आई ईईई के प्रबंध निदेशक मिस्टर रसेल हैरिसन ने सरकार के साथ काम करने के महत्व को समझाया और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थानों और विभागों के साथ काम करना अत्यंत आवश्यक है ताकि समाज में प्रगति और विकास हो सके।

इस ऑनलाइन सेमिनार के प्रवंधन कार्यकारी विद्युत विभाग के हेड, डॉ. एम. डी. अबुल कलाम, बीआईटी सिंदरी के निदेशक डा.पंकज राय, बीआईटी सिंदरी के आई ईईई स्टूडेंट ब्रांच परामर्शक विनीत शेखर, अमित कुमार चौधरी ने किया । इस सेमिनार बीआईटी सिंदरी के विद्यार्थी और शिक्षक शामिल थे।

## अंततः बाकी पड़े लोहे को धर्माबांध मे बीसीसीएल ने उठाकर स्टोर में रखा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : धर्माबांध ओपी के ठीक सामने बीसीसीएल के पुराने लोहे के पुल का लोहा रविवार को बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्रीय प्रबंधन ने नदी से जेसीबी मशीन से उठाकर हाइवा में लोड कर कंपनी अपने स्टोर में ले गयी.भारी मात्रा में लोहा नदी में पड़ा हुआ था.सुबह कंपनी के मशीन के साथ कई कर्मचारी व ओपी प्रभारी कमलेश कुमार अपने टीम के साथ वहां पहुंचे और लोहे को अपनी निगरानी में उठाकर कंपनी के स्टोर में भेजवा दिया गया.बता दे कि बीसीसीएल का पुराना पुल को तोड़ कर विशेष प्रमंडल की ओर से करीब दो करोड़ की लागत से नया पुल बन रहा है.तोड़े गये पुराने पुल से भारी मात्रा में लोहा निकला.जिसे धारकिरो के तिवारी के डीपो में चला गया.जब मीडिया में खबर आयी,तो आनन-फानन में पुल बनाने वाले संदेवक अजय सिंह ने स्थानीय ओपी में अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज करवाया.इसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन भी रेस हुई और बाकी बचे लोहे को उठाकर स्टोर ले गयी.

## घनुडीह मोहरी वाधं मे अधेर व्यक्ति का शव मिला, 24 घंटे बाद भी पहचान नहीं हो पाई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा: घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरी वाधं के समीप रविवार की देर शाम एक अधेर व्यक्ति का शव मिला था 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकती है। ओपी प्रभारी अपने स्तर से इसकी पहचान का काफी प्रयास कर रहे हैं पर अभी तक कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला है इसकी तस्वीर को कई ग्रुप में भी डालकर लोगों से जानकारी मांगी गई है प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 72 घंटे तक हम इसका इंतजार करेंगे की कोई उसे पहचान ले ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके हालांकि देखने से प्रतीत होता है कि बीमार किस्म का व्यक्ति था कहां से भटकता हुआ आया है यह अभी पता नहीं चल रहा है 72 घंटे के बाद इसे धनबाद भेजा जाएगा और वरिए अधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी ने कहा कि किसी को भी जानकारी हो तो पुलिस को सूचना करें पुलिस हर संभव मदद करेगी। चोट या किसी तरह का शरीर में खरोच भी नहीं है।

